Series : N4KLM

SET-2

प्रश्न-पत्र कोड 4/4/2

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{}

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ** ।*

*(iii) **खंड-क** में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(iv) **खंड-ख** में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v) **खंड-ग** में पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vi) **खंड-घ** में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं ।*

(vii) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।

(viii) दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

*(ix) यथासंभव **सभी** खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

खंड – क

(अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

फ्रैंकलिन का प्रसिद्ध कथन है – 'वक्त को बरबाद न करो क्योंकि जीवन इसी से बना है ।' समय ही जीवन है । जो अवसरों और संभावनाओं से भरा हुआ है ।

जो बुद्धिमानी से इसका उपयोग करते हैं, वे सफलता की नींव रखते हैं, जबकि समय को व्यर्थ करने वाले अधूरे कार्यों और अपूर्ण लक्ष्यों के साथ रह जाते हैं । शास्त्रों में कहा गया है, 'एक-एक पैसे को जोड़कर कोई धनी बनता है, और एक-एक क्षण का उपयोग करके कोई विद्वान ।' समय वास्तव में सीमित संसाधन है । जब हम किसी एक चीज के लिए 'हाँ' कहते हैं, तो किसी दूसरी चीज के लिए 'ना' कह रहे होते हैं ।

प्राचीन ज्ञान भी यही सिखाता है । अवसर को समय रहते पहचानो और उसका सदुपयोग करो । मानव जीवन एक दुर्लभ उपहार है । यही जीवन हमें विवेक देता है, जो लाभकारी और सुखद के बीच अंतर करने में सक्षम बनाता है । इसलिए हर क्षण का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है । जैसे विद्यार्थी परीक्षा के आने के ठीक पहले समय को अच्छी तरह समझकर पूरी निष्ठा से पढ़ाई करते हैं, वैसे ही हमें भी जीवन के हर क्षण को उद्देश्यपूर्ण बनाना चाहिए ।

हम अकसर कहते हैं, 'काश मेरे पास और समय होता ।' यह सोच हमें थकान और असंतोष की ओर ले जाती है । साथ ही, हम एक तरह की नकारात्मकता से घिर जाते हैं । सच यह है कि हम सबको समान 24 घंटे मिलते हैं । फ़र्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि हम उनका उपयोग कैसे करते हैं ।

विद्वानों ने सिखाया कि सफलता उन्हीं को मिलती है, जो अपने समय को केवल सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यों में निवेश करते हैं । प्रकृति हमें हर दिन समय का समान उपहार देती है । समय की कद्र कीजिए, घड़ी की सूइयों की फुसफुसाहट को सुनिए और उसके संकेतों को समझिए । जो लोग हर क्षण को सार्थक बनाते हैं, वे ही जीवन में संतोष और सफलता का सच्चा संतुलन पाते हैं ।

(i) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : **1**

- **कथन :** समय के सदुपयोग का सफलता से गहरा नाता है ।
- **कारण :** सफलता उन्हीं को मिलती है, जो अपने समय को सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यों में निवेश करते हैं ।

विकल्प :

(A) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(B) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(C) कथन गलत है और कारण सही है ।

(D) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(ii) गद्यांश के आधार पर लिखिए कि जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करते हैं, उनका जीवन कैसा होता है ? **1**

(I) सफल (II) व्यस्त

(III) सार्थक (IV) अनियमित

विकल्प :

(A) केवल विकल्प (I) सही है । (B) (II) और (III) सही हैं ।

(C) (I), (II) और (III) सही हैं । (D) (I) और (III) सही हैं ।

(iii) 'काश मेरे पास और समय होता ।' ऐसी सोच किस प्रकार के व्यक्तियों की होती है ? **1**

(A) अकर्मण्य और आलसी लोगों की (B) भाग्यवादी लोगों की

(C) समय की कद्र करने वालों की (D) परिश्रमी लोगों की

(iv) समय को व्यर्थ गँवाने के क्या परिणाम होते हैं ? **2**

(v) हर क्षण का विवेकपूर्ण उपयोग क्यों आवश्यक है ? **2**

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

विश्व में जल–संकट बड़ी समस्या बन चुकी है । इससे हर साल करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं । गर्मियों में यह संकट और बढ़ जाता है । गाँवों से महानगरों तक पानी के लिए त्राहि–त्राहि मचने लगती है । यह संकट न केवल ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए गंभीर चुनौती है बल्कि कृषि पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ रहा है । लगातार गिरता भू–जल स्तर, जल संसाधनों की बर्बादी, बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन इस संकट को और विकराल बना रहे हैं । अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है ।

जल–संकट गहराने के कई कारण हैं । हमें पता है कि पानी सीमित है, फिर भी उसे बूँद–बूँद बचाने के बजाए हम उसे व्यर्थ बहा रहे हैं । विश्व की तेजी से बढ़ती आबादी के कारण पानी की माँग बढ़ती जा रही है लेकिन जल संसाधनों का उतनी ही अधिक तेजी से क्षय हो रहा है । कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग के लिए भू–जल का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है, जिससे भू–जल का स्तर गिरता जा रहा है । नदियों, झीलों और भू–जल में औद्योगिक कचरे, रसायनों और प्लास्टिक के बढ़ते स्तर के कारण पीने योग्य पानी की लगातार कमी आ रही है ।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यान से पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : **1**

- **कथन :** भूमिगत जल के प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा है ।
- **कारण :** जल के विविध स्रोतों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

(C) कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(ii) विश्व में पानी की माँग दिनोंदिन क्यों बढ़ रही है **1**

(A) जलवायु परिवर्तन के कारण

(B) भू–जल के गिरते स्तर के कारण

(C) कृषि योग्य भूमि के विस्तार के कारण

(D) बढ़ती हुई आबादी के कारण

(iii) जल–संकट गहराने के प्रमुख कारण नहीं हैं । **1**

(A) लगातार गिरता भू–जल स्तर

(B) लगातार बढ़ती जनसंख्या

(C) जल स्रोतों का सुनियोजित उपयोग

(D) जल संरक्षण के अनुपयुक्त उपाय

(iv) 'पानी को बूँद–बूँद बचाने के बजाए हम उसे व्यर्थ कर रहे हैं ।' कथन – का आशय स्पष्ट कीजिए । **2**

(v) पेय जल की उपलब्धता में निरंतर गिरावट क्यों आ रही है ? **2**

खंड – ख

(व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) विगत वर्ष असफल रहने वाला वह इस बार अव्वल आया है । – वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए ।

(ii) पहले कुछ मिनट तक मैं बहुत उलझन में रहा । – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(iii) हेडमास्टर साहब उसकी पुरानी पुस्तकें मुझे दे दिया करते थे । – रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(iv) गीत मानो बहता हुआ उसकी तरफ़ आ रहा हो । वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए ।

(v) राजकपूर शैलेंद्र के एक अच्छे और सच्चे मित्र थे । – रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिला हुआ होता है और वह ज़्यादा चमकता है । – मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

(ii) इफ़्फ़न के चले जाने पर टोपी अकेला रह गया । – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

(iii) इस पर नज़र रखो कि ये किस तरफ़ जा रहा है । – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए ।

(iv) उस दिन मेरे दिमाग से भूत और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे । – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए ।

(v) उसने चाय प्यालों में भरी और हमारे सामने रख दिए । – सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'पंचवटी' पद द्विगु समास का उदाहरण है, कैसे ?

(ii) 'गिरिधर' का समास विग्रह कीजिए और भेद का नाम लिखिए ।

(iii) 'समय के अनुसार' समास-विग्रह के लिए समस्तपद लिखकर समास का नाम लिखिए ।

(iv) उनका विद्यालय बहुत बड़ा है । – रेखांकित पद का समास-विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए ।

(v) द्वंद्व समास की पहचान बताते हुए एक उदाहरण लिखिए ।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'वर्षों से वह हमारी आँखों में धूल झोंक रहा है ।' – वाक्य में से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(ii) 'ततँरा को देखते ही वामीरो _____ लगी ।' – रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(iii) 'सिर फिरना' और 'सिर उठाना' – मुहावरों का अर्थ लिखकर इन दोनों मुहावरों का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'आसमान सिर पर उठाना' – मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

(v) 'चुभती बातें कहना' – अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए ।

खंड – ग

(पाठ्य–पुस्तक एवं पूरक पाठ्य–पुस्तक) 28

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए :

5 × 1 = 5

गिरि का गौरव गाकर झर–झर
मद में नस–नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों–से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर!
गिरिवर के उर से उठ–उठकर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव–नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर ।

(i) 'अनिमेष' का अर्थ नहीं है

(A) एकटक

(B) लगातार

(C) निर्निमेष

(D) झाँकना

(ii) पद्यांश में किसकी तुलना मोती की लड़ियों से की गई है ?

(A) महाकार पर्वत की

(B) झाग भरे झरने की

(C) निर्मल ताल की

(D) विशाल वृक्ष की

(iii) 'नीरव–नभ' का आशय है

(A) बिना बादल का आकाश

(B) बादलों से भरा आकाश

(C) बादल रहित शांत आकाश

(D) तेज़ हवा से युक्त आकाश

(iv) पेड़ 'चिंतापर' क्यों दिखाई दे रहे हैं ?

(A) वे आकाश जैसी ऊँचाई पाने के लिए विचारमग्न हैं ।

(B) पर्वतों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पा रहे हैं ।

(C) पर्वतों से झरने वाले झरनों की गति से भयभीत हैं ।

(D) नीरव–नभ का रूप उन्हें आश्चर्यचकित कर रहा है ।

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों के सही उत्तर चुनकर लिखिए :

कथन : एकाग्रता, अटल विश्वास और लक्ष्य पर दृष्टि सफल होने के सहायक तत्त्व हैं ।

कारण : जीवन में सफलता बिना प्रयास के भाग्य से स्वयं ही प्राप्त हो जाती है ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन और कारण दोनों सहीं हैं ।

(C) कथन गलत है, परंतु कारण सही है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

8. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है । यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं । पहले पूरा परिवार एक परिवार के समान था, अब टुकड़ों में बँटकर एक दूसरे से दूर हो चुका है । पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिलजुलकर रहते थे, अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है । बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है । बारूद की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया । अब गरमी में ज़्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफ़ान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं । नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है । नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई में देखने को मिला था और यह नमूना इतना डरावना था कि बंबई निवासी डरकर अपने-अपने पूजा-स्थल में अपने खुदाओं से प्रार्थना करने लगे थे ।

(i) अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर देने का आशय है -

(A) धरती पर ऊँची-ऊँची इमारतों का निर्माण

(B) धरती को देश की सीमाओं में बाँधना

(C) प्रकृति के अन्य जीवों और तत्त्वों से दूरी

(D) बुद्धि-बल से प्रकृति को नियंत्रित करना

(ii) बंबई निवासी ईश्वर से प्रार्थना क्यों करने लगे ?

(A) ईश्वर की प्रार्थना करना उनका दैनिक कर्म था ।

(B) प्रार्थना करके वे अपने-अपने पूजा-स्थलों को बचा सकते थे ।

(C) वे अपने तरीके से अपने प्रार्थना की शक्ति परखना चाहते थे ।

(D) प्रकृति के कोप को देखकर उन्हें अपना अस्तित्व संकट में लगा ।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

कथन : मानव और प्रकृति के बीच बढ़ते असंतुलन का मुख्य कारण मानव की बढ़ती स्वार्थपरता है ।

कारण : बुद्धि के विकास ने ही मानव को अच्छे-बुरे का ज्ञान करवाया जिससे अंतत: पर्यावरण सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(iv) प्रकृति के असंतुलन का परिणाम नहीं है

(A) मौसम चक्र में परिवर्तन

(B) विकास-दर में वृद्धि

(C) प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी

(D) नए-नए रोगों की उत्पत्ति

(v) 'पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था' – का भाव है

(A) पहले संसार परिवार की सीमाओं में नहीं बँटा था ।

(B) पहले संसार में अलग-अलग देश ही नहीं थे ।

(C) पहले लोग मानव और प्रकृति के संबंधों से अनजान थे ।

(D) पहले के लोग सह-अस्तित्व का सम्मान करते थे ।

9. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि 'अखंड आत्म भाव' रखने के क्या लाभ हैं ?

(ii) 'साखी' में कबीर ने प्रभु प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा किसे और क्यों बताया है ?

(iii) 'आत्म त्राण' कविता के संदर्भ में लिखिए कि संकट में अपनों का साथ न मिलने तथा उनसे छले जाने पर भी कवि संकट का सामना कैसे करना चाहता है ?

(iv) 'कर चले हम फ़िदा' कविता से उद्धृत 'राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियों' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'समाज के लिए अपने प्रेम और जीवन का बलिदान करने वालों के बलिदान को समाज व्यर्थ नहीं जाने देता ।' तताँरा–वामीरो कथा के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

(ii) 'गिन्नी का सोना' पाठ से हमें क्या संदेश प्राप्त होता है ?

(iii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि स्त्रियों में भी निर्णय लेने एवं नेतृत्व की अद्भुत क्षमता होती है ।

(iv) फ़िल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों, निर्माताओं आदि का समाज के प्रति क्या कर्त्तव्य है ? 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

11. पूरक पाठ्य–पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(i) 'जिनसे अपनापन मिले, अपने वे ही होते हैं फिर चाहे वे अलग परिवार, जाति, धर्म के ही क्यों न हों ।' – 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर इस कथन के पक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ii) 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक और उन जैसे परिवारों की अपने बच्चों को पढ़वाने में अरुचि के क्या कारण रहे होंगे ? क्या वर्तमान में भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर समान दृष्टिकोण है ? अपने विचार के पक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए ।

(iii) ठाकुरबारी में महंत जी की नियुक्ति अस्थायी थी फिर भी उन्होंने हरिहर काका की ज़मीन को ठाकुर जी के नाम करवाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए । उनके द्वारा किए जाने वाले इन कृत्यों के पीछे के संभावित कारणों का उल्लेख कीजिए ।

खंड – घ

(रचनात्मक लेखन) 22

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए : **5**

(i) आप दसवीं कक्षा के विद्यार्थी शोभा/शोभित हैं । विद्यालय में योग की कक्षाओं की नियमित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

(ii) आप शोभा/शोभित हैं । अपने क्षेत्र में पेय जल के बढ़ते संकट की ओर ध्यान दिलाने के लिए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

13. (i) आप उत्कर्ष/प्रगति हैं । वर्तमान में तेज़ी से बदलते परिप्रेक्ष्य में किशोरों को आजीविका (करियर) संबंधी मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता है । इस विषय पर आधारित शृंखला शुरू किए जाने का निवेदन करते हुए दूरदर्शन निदेशालय को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए । **5**

अथवा

(ii) 'जाड़े की शाम थी । आज रोज़ की तुलना में कोहरा अधिक ही घना था । मैं अपनी नृत्य-कक्षा से लौट रहा था ।' ..... – पंक्ति को आधार बनाकर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए ।

14. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**

(i) परिश्रम सफलता की कुंजी है

संकेत बिंदु :
- सूक्ति का अर्थ
- विद्यार्थी जीवन में महत्त्व
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों

(ii) भीड़ भरे बाज़ार का दृश्य

संकेत बिंदु :
- चारों तरफ लोगों की गरमागरमी
- दुकानदारों की आवाज
- खरीद-फरोख़्त करते लोग

(iii) ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

संकेत बिंदु :
- भुगतान करने का नया तरीका
- देश की अर्थव्यवस्था में सहायक
- सावधानी अपेक्षित



15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिए : **4**

(i) आप स्वयंसेवी संस्था 'रोशनी' की/के अध्यक्ष प्रणीति/प्रणीष हैं । 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर मादक द्रव्यों से होने वाले नुकसान के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए संस्था द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । जन साधारण को इस बात की जानकारी देने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

अथवा

(ii) आप अ.ब.स. विद्यालय के वरिष्ठ विज्ञान अध्यापिका/अध्यापक प्रणीति/प्रणीष हैं । आपके विद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के अवसर पर विज्ञान मेले का आयोजन होने वाला है । इस बारे में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

(i) 'करें योग रहें नीरोग' – 'योग' के प्रति जन–जागरूकता फैलाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

अथवा

(ii) रासायनिक खाद रहित (ऑर्गेनिक) फल–सब्जियाँ उगाने वाली कंपनी 'विहान' की ओर से अपने उत्पादों की जानकारी देने और बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>

सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025-26

अंक-योजना

हिंदी 'ब' विषय कोड - 085

प्रश्न-पत्र कोड-- 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।

3. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को और उत्तर- पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. **यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर अंत में दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

7. **यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।**

8. **यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न / प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें / उन्हीं पर अंक दें।**

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)**

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक या कम अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का मुख पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- मुख पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर-पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंक-सूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, मुख पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा प्राप्तांक को अंकों और शब्दों में लिखा जाए।

14. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।

Series: **N4KLM** **प्रश्न-पत्र कोड 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3**

अंक योजना

निर्धारित समय : 3 घंटे **हिंदी 'ब'(085)** **अधिकतम अंक : 80**

प्रश्न सं.	सेट-1	सेट-2	सेट-3	मूल्यांकन बिंदु	अंक
	4/4/1	**4/4/2**	**4/4/3**	**खंड - क** **(अपठित बोध)**	**(14)**
1	**1**	**2**	**1**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : **बहुविकल्पीय -**	**(7)**
	(i)	(i)	(i)	(B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(D) बढ़ती हुई आबादी के कारण	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(C) जल स्रोतों का सुनियोजित उपयोग **वस्तुपरक -**	1
	(iv)	(iv)	(iv)	• जल संसाधनों का अतिदोहन • जल को प्रदूषित करने वाले मानवीय कृत्यों में वृद्धि	2
	(v)	(v)	(v)	• बढ़ती हुई आबादी • भूजल का अतिदोहन • नदियों, झीलों और भूजल में औद्योगिक कचरे, रसायनों एवं प्लास्टिक का बढ़ता स्तर (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
2	**2**	**1**	**2**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : **बहुविकल्पीय -**	**(7)**
	(i)	(i)	(i)	(B) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(D) (I) और (III) सही हैं।	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(A) अकर्मण्य और आलसी लोगों की **वस्तुपरक -**	1
	(iv)	(iv)	(iv)	• अधूरे कार्य • अपूर्ण लक्ष्य • नकारात्मकता (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
	(v)	(v)	(v)	• सफलता की प्राप्ति के लिए • उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के लिए	2

				खंड – ख **(व्यावहारिक व्याकरण)**	**(16)**
3	**3**	**3**	**3**	**'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	सर्वनाम पदबंध	1
	(ii)	-	-	हमारी नाभा रियासत का राजा / नाभा रियासत का राजा	1
	(iii)	-	-	क्रियाविशेषण पदबंध	1
	(iv)	-	-	विशेषण पदबंध	1
	(v)	-	-	जुड़े हुए थे। कारण- क्रिया पदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया	½+½
	-	(i)	-	विगत वर्ष असफल रहने वाला वह / असफल रहने वाला वह	1
	-	(ii)	-	क्रियाविशेषण पदबंध	1
	-	(iii)	-	संज्ञा पदबंध	1
	-	(iv)	-	क्रिया पदबंध कारण- क्रिया पदों का समूह, शीर्ष पद – क्रिया	½ +½
	-	(v)	-	विशेषण पदबंध	1
	-	-	(i)	दूसरों की सहायता करने वाले आप / सहायता करने वाले आप	1
	-	-	(ii)	क्रियाविशेषण पदबंध	1
	-	-	(iii)	संज्ञा पदबंध	1
	-	-	(iv)	क्रिया पदबंध कारण- क्रिया पदों का समूह, शीर्ष पद – क्रिया	½ +½
	-	-	(v)	विशेषण पदबंध	1
4	**4**	**4**	**4**	**'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	संयुक्त वाक्य	1
	(ii)	-	-	जब मेरी माँ ने उनको दुखी देखा तो उनकी आँखों में भी आँसू आ गए।	1
	(iii)	-	-	कंपनी के हुक्म के अनुसार वज़ीर अली को गिरफ़्तार किया जाए।	1
	(iv)	-	-	कार-निकोबार आपस में जुड़े हुए थे और वहाँ एक सुंदर सा गाँव था।	1
	(v)	-	-	सरल वाक्य	1

	-	(i)	-	चूँकि गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिला हुआ होता है इसलिए वह ज्यादा चमकता है। अथवा जब गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिला हुआ होता है तब वह ज्यादा चमकता है।	1
	-	(ii)	-	इफ़्फ़न चला गया और टोपी अकेला रह गया।	1
	-	(iii)	-	मिश्र वाक्य	1
	-	(iv)	-	सरल वाक्य	1
	-	(v)	-	उसने चाय प्यालों में भरकर हमारे सामने रख दी।	1
	-	-	(i)	मिश्र वाक्य	1
	-	-	(ii)	टोपी एक कोने में बैठा / बैठ गया और रोने लगा।	1
	-	-	(iii)	उसकी यह योजना है कि वह किसी तरह नेपाल पहुँच जाए।	1
	-	-	(iv)	सरल वाक्य	1
	-	-	(v)	इन्हीं जंगलों में उसके होने का मुझे अच्छी तरह पता है।	1
5	**5**	**5**	**5**	**'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	उत्तर पद प्रधान उदाहरण - नीलगगन (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	(ii)	-	-	विनाश की लीलाओं - तत्पुरुष समास	½+½
	(iii)	-	-	अव्ययीभाव समास	1
	(iv)	-	-	चक्रपाणि – बहुव्रीहि	½+½
	(v)	-	-	पूर्व पद संख्यावाची उदाहरण - नवरत्न (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	-	(i)	-	पूर्व पद (पंच) संख्यावाची	1
	-	(ii)	-	गिरि को धारण किया है जिसने अर्थात श्रीकृष्ण / गिरि को धारण करने वाले अर्थात श्रीकृष्ण - बहुव्रीहि समास	½+½
	-	(iii)	-	यथासमय - अव्ययीभाव समास	½+½
	-	(iv)	-	विद्या के लिए आलय – तत्पुरुष समास	½+½
	-	(v)	-	पूर्व तथा उत्तर, दोनों पद प्रधान उदाहरण - माता-पिता (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½

	-	-	(i)	पूर्व तथा उत्तर, दोनों पद प्रधान	1
	-	-	(ii)	पूजा के लिए स्थलों / स्थल - तत्पुरुष समास	½+½
	-	-	(iii)	बहुव्रीहि समास	1
	-	-	(iv)	यथानियम - अव्ययीभाव समास	½+½
	-	-	(v)	महात्मा - महान है जो आत्मा (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य)	½+½
6	**6**	**6**	**6**	**'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	अर्थ- खुशामद / चापलूसी करना उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य प्रयोग	½+½
	(ii)	-	-	खून खौलना / दिल दहलना / कलेजा काँप उठना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	(iii)	-	-	उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य प्रयोग	1
	(iv)	-	-	अंधे के हाथ बटेर लगना / अंधा चोट निशाना लगना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	(v)	-	-	बातें बनाना - बहाने बनाना / समय नष्ट करना बातों में आना - बहकावे में आना / किसी की बातों से प्रभावित होना (अर्थ अथवा वाक्य-प्रयोग द्वारा अंतर स्पष्ट करने पर अंक दिए जाएँ)	½+½
	-	(i)	-	मुहावरा - आँखों में धूल झोंकना उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य प्रयोग	½+½
	-	(ii)	-	फूट-फूटकर रोना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	(iii)	-	सिर फिरना - बुद्धि काम न करना सिर उठाना - विरोध / विद्रोह करना	½+½
	-	(iv)	-	उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य प्रयोग	1
	-	(v)	-	सूक्ति बाण चलाना / लगती बातें कहना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	-	(i)	अर्थ- अत्यधिक सम्मान देना उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य प्रयोग	½+½
	-	-	(ii)	धर्म संकट में पड़ना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	-	(iii)	उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य प्रयोग	1
	-	-	(iv)	अंधा चोट निशाना लगना / अंधे के हाथ बटेर लगना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	-	(v)	चकरा जाना - समझ में न आना / भ्रमित होना चक्कर में पड़ना - झमेले में पड़ना / व्यर्थ के कार्यों में पड़ना	½+½

				खंड – ग **(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)**	**(28)**
7	7 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	8 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	9 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (C) प्रकृति के अन्य जीवों और तत्वों से दूरी (D) प्रकृति के कोप को देखकर उन्हें अपना अस्तित्व संकट में लगा। (C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है। (B) विकास-दर में वृद्धि (D) पहले के लोग सह-अस्तित्व का सम्मान करते थे।	**5 x 1 = 5**
8	**8**	10	10	**'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित (लगभग 25-30 शब्दों में) –	**(3x2 = 6)**
	(i)	-	-	• रूढ़ परंपराओं का बंधन • तताँरा द्वारा गाँव की प्रथा का उल्लंघन किए जाने से द्वीपवासी नाराज • अपनी पहचान / अस्तित्व से जुड़े होने के कारण द्वीपवासी प्रथा, परंपरा, संस्कृति के प्रति अत्यंत संवेदनशील (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
	(ii)	-	-	कौन- • व्यवहारवादी लोग क्यों- • अपनी उन्नति की होड़ में प्रत्येक कार्य व्यक्तिगत स्वार्थ एवं लाभ-हानि का हिसाब लगाकर करते हुए समाज के हितों की उपेक्षा	1+1
	(iii)	-	-	• पटकथा, गीत-संगीत, अभिनय, निर्देशन, कलात्मकता आदि दृष्टि से उत्कृष्ट • साहित्यिक कृति के साथ शत-प्रतिशत न्याय करने वाली • मानवीय संवेदनाओं का यथार्थ चित्रण • राष्ट्रपति स्वर्ण पदक जैसे अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
	(iv)	-	-	• संगठन में शक्ति • अंग्रेज सरकार के द्वारा व्यापक पुलिस बंदोबस्त के बावजूद कलकत्ता-वासियों द्वारा संगठित होकर मोनुमेंट के नीचे एकत्र होना • लाठीचार्ज और दमन झेलते हुए भी राष्ट्रीय झंडा फहराना और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ना (पाठ से अन्य उचित उदाहरण भी स्वीकार्य)	2

	-	(i)	-	• द्वीपवासियों में वैचारिक बदलाव • लोक-स्मृतियों में उनके बलिदान को स्थान देना • विवाह संबंधी रुढ़िवादी परंपरा का समाप्त होना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
	-	(ii)	-	• व्यक्तिगत हित और स्वार्थ से ऊपर उठकर आदर्शवादी बनने की प्रेरणा • जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की प्रेरणा	2
	-	(iii)	-	• 26 जनवरी 1931 के दिन महिलाओं की सशक्त भागीदारी • पुलिस के लाठीचार्ज और नेताजी की गिरफ्तारी के बाद महिलाओं द्वारा जुलूस निकालना, झंडा फहराना और प्रतिज्ञा पढ़ना उनकी निर्णय और नेतृत्व क्षमता का परिचायक	2
	-	(iv)	-	• उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करना • समाज से जुड़े विविध मुद्दों के प्रति जागरूक बनाना • सस्ती, उथली और पथभ्रष्ट करने वाली सामग्री को प्रस्तुत न करना • त्रासद स्थितियों को ग्लोरिफाई करने के स्थान पर यथार्थ चित्रण करना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
	-	-	(i)	• उचित अथवा अनुचित के पक्ष में विद्यार्थियों के तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य	2
	-	-	(ii)	• व्यक्तिगत हित और स्वार्थ से ऊपर उठकर आदर्शवादी बनने की प्रेरणा • स्वयं के साथ समाज का भी उत्थान	2
	-	-	(iii)	• अधिकांश जनता में साहित्यिक कृति की समझ न होना • आम दर्शकों द्वारा कल्पना में ही सुख की अनुभूति - जिसका फ़िल्म में अभाव • लोकप्रिय मनोरंजक तत्वों की कमी • अति यथार्थवादी फ़िल्म (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
	-	-	(iv)	• उत्साह और उमंग की भावना का संचार • घर और बाजार की सजावट से आम जनता के देशप्रेम की अभिव्यक्ति • देशप्रेम और स्वतंत्रता के महत्त्व से विद्यार्थियों को परिचित कराना	2

				• पुलिस के बंदोबस्त के बावजूद लोगों का एकजुट होकर समारोह में शामिल होना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	
9	**9** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**7** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	7 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (D) झाँकना (B) झाग भरे झरने की (C) बादल रहित शांत आकाश (A) वे आकाश जैसी ऊँचाई पाने के लिए विचारमग्न हैं। (D) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।	**5 x 1 = 5**
10	**10** (i) (ii) (iii) (iv)	**9** (i) (ii) (iii) (iv)	**8** (i) (ii) (iii) (iv)	**'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित (लगभग 25-30 शब्दों में) – • सहानुभूति, दया, परोपकार और उदारता जैसे गुणों का विकास • भेदभाव से ऊपर उठकर विश्व-बन्धुत्व की भावना बाधा- • अहंकार, अज्ञानता कारण- • ईश्वर की तलाश में भटकना • सांसारिक सुख को ही वास्तविक सुख मानना • अपने साहस और पुरुषार्थ पर भरोसा करके • निर्भयतापूर्वक • ईश्वर पर पूर्णतः विश्वास करके • दुख-सुख में समान रहकर (कोई दो बिंदु अपेक्षित) • देशवासियों को राम-लक्ष्मण के रूप में संबोधित • दुश्मनों से सीता रूपी मातृभूमि की मान-मर्यादा की रक्षा	**(3x2 = 6)** 2 1+1 2 2

11	**11**	**11**	11	पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित -	**(2x3 =6)**
	(i)	(i)	(i)	• संबंधों का आधार अपनत्व और प्रेम-भावना • अलग-अलग धर्म के होते हुए भी टोपी और इफ़्फ़न की गहरी दोस्ती • इफ़्फ़न और उसकी दादी से मिलने वाला अपनापन और विशेष लगाव	3
	(ii)	(ii)	(ii)	कारण- • अभिभावकों का शिक्षा के महत्त्व को नहीं समझ पाना • शिक्षा को केवल व्यवसाय का माध्यम समझना - भूल दृष्टिकोण- • विद्यार्थियों के मुक्त तर्कपूर्ण उत्तर स्वीकार्य	1+2
	(iii)	(iii)	(iii)	• अपना वर्चस्व स्थापित करने की चाह • ठाकुरबारी का विस्तार • धन और सुख-सुविधा में वृद्धि की लालसा • पुनः/ स्थायी महंत बनने की महत्त्वाकांक्षा (कोई तीन बिंदु अपेक्षित)	3
				खंड – घ **(रचनात्मक लेखन)**	**(22)**
12	**12**	14	13	किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन : • विषय-वस्तु – 3 अंक • भाषा – 1 अंक • प्रस्तुति – 1 अंक	**1 x 5 = 5**
13	**13**	**12**	**14**	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन: • आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक • विषय-वस्तु – 3 अंक • भाषा – 1 अंक	**1 x 5 = 5**
14	**14**	**15**	16	किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन: • विषय-वस्तु – 2 अंक • प्रारूप – 1 अंक • भाषा – 1 अंक	**1 x 4 = 4**

15	**1**5	**1**6	**1**5	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन : ● विषय-वस्तु – 1 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 x 3 = 3**
16	**1**6	**1**3	**1**2	ई-मेल लेखन **अथवा** लघुकथा लेखन : ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में) - ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● प्रारूप – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक **अथवा** लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) – ● मौलिक विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक ● प्रभाव – 1 अंक	**1 x 5 = 5**